भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र

फतेहपुर–शेखावाटी 332 301

श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

ICAR

Dr. R.K. Dular
Senior Scientist & Head

M.No. 09877201228
Email: pc.kvk.fatehpur@sknau.ac.in

कंमाक–:एफ( )/लेखा/कृ.वि.के./एफटीआर/2025/646-49 दिनांक –22.01.2025

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर विभिन्न भंडार गृहों में अनुपयोगी उपकरण जैसे लकडी का सामान, टॉर्च, कुर्सी, टेबल, लोहे का टूटा सामान, ताले, बागवानी के औजार, प्लास्टिक का सामान, लोहे का व अन्य सामान को खुली बोली लगाकर नीलाम किया जाना है। अतः जो कोई भी व्यक्ति/फर्म उपरोक्त सामान को लेना चाहता है वह दिनांक 29.01.2025 को सुबह 11.30 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर पर उपस्थित हो बोली लगाकर सामान क्रय कर सकता है। उक्त नीलामी से सम्बन्धित विवरण **www.sknau.ac.in** पर देखा जा सकता है। सामान जिस हालत में जैसे है की नीलामी की जायेगी जिसका पुस्तक मूल्य 36280/– रू है।

निलामी की शर्ते :–

1. बोली हेतु आने वाले बोलीदाता को अमानत राशि रूपये 3000/– केन्द्र कार्यालय में जमा करवाने होंगे तभी बोली में शामिल होने दिया जायेगा।
2. उपरोक्त नीलामी के प्रत्येक सामान का पुस्तक मूल्य रू. 1000/– से कम है।
3. समस्त सामान को मय सूची सहित कार्यालय समय मे उपस्थित होकर देखा जा सकता है।
4. बोलीदाता को बोली न्यूनतम निर्धारित मूल्य से रूपये 500/– के गुणक में बढते हुये लगानी होगी तथा कम से कम तीन उच्च बोली लगानी होगी तभी सामान को बेचा जायेगा।
5. सामान की लोडिंग/अनलोडिंग एवं ले जाने का सम्पूर्ण खर्च बोलीदाता को वहन करना होगा।
6. बोलीदाता द्वारा अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है, यदि बोलीदाता कोई संस्थान/कम्पनी द्वारा लगाई जा रही है तो उनका अधिकृत पत्र साथ में लाना होगा।
7. जिस पार्टी/फर्म/बोलीदाता के नाम बोली छूटती है उन्हे बोली की 50 प्रतिशत राशि उसी समय जमा करवानी होगी। बाकी की रकम डी.डी/बैकर्स चैक/नगद से तीन दिन में जमा करवानी होगी।
8. माल जो जिस हालत में है, जैसा है, जहाँ है, वैसा ही दिया जायेगा।
9. यदि नीलामी की राशि माल की कीमत के बरावर नही है और कमेटी मंजूर नही करती है तो बोली लगाने वाला किसी तरह बाध्य नहीं कर सकेगा।
10. सभी देय टेक्स पार्टी को ही जमा करवाना होगा और रसीद कार्यालय में प्रस्तुत करने के उपरान्त ही पार्टी को माल उठाने दिया जायेगा।
11. उपरोक्त निलामी को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. श्रीमान निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, **SKNAU,** जोबनेर।
2. प्रभारी, सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर निवेदन है कि इस निलामी सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.sknau.ac.in** पर अपलोड करवाना सुनिश्चित कराएँ।
3. श्रीमान् फार्म प्रभारी/फार्म स्टोर कीपर/ कैशियर/कय विकय समिति, कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी सदस्यों को सूचनार्थ।
4. सूचना पट्ट केवीके, पंचायत समिति व नगरपरिषद, फतेहपुर ।

Senior Scientist and Head
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Bhartia Krishi Vigyan Kendra
Fatehpur (Sikar)